JALAUN POLICE

दिनांक- 06.11.2026

थाना एट पुलिस को मिली बड़ी सफलता : लूट की घटना का खुलासा, 01 शातिर लुटेरा गिरफ्तार, लूटी गई नगदी, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 30.10.2026 को वादी श्री कपिल राजपूत ने थाना एट में तहरीर दी कि दिनांक 29.10.2026 की रात्रि करीब 19.45 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल से पीछे से आकर उनसे 50,000/- रुपये छीनकर भाग गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना एट पर मु0अ0सं0 166/2026 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था, उक्त अभियोग में विवेचना के दौरान धारा 309(4) बीएनएस में तरमीम हुआ।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन श्री सुरेश चन्द्र रावत के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 ईशान सोनी के नेतृत्व में थाना एट पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान आज दिनांक 06.11.2026 को लपरौना नहर की पुलिया के पास, नहर के किनारे, बहद ग्राम हरदुआ थाना एट से लूट के अभियोग से संबंधित अभियुक्त भरतलाल कबूतरा पुत्र महेन्द्र कबूतरा हाल पता कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन स्थाई पता ग्राम जखनवारा थाना एरच जनपद झांसी को लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पल्सर, लूटे गये 13,200/- रुपये व 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

तमंचा बरामदगी के संबंध में थाना एट पर मु0अ0सं0 174/2026 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का विवरण-

1. भरतलाल कबूतरा पुत्र महेन्द्र उम्र करीब 25 वर्ष कबूतरा हाल पता कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन स्थाई पता ग्राम जखनवारा थाना एरच जनपद झांसी।

अभियुक्त भरतलाल कबूतरा उपरोक्त का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 148/2022 धारा 395/412 भादवि थाना पूंछ जनपद झांसी
2. मु0अ0सं0 120/2022 धारा 392/411 भादवि थाना टहरौली जनपद झांसी
3. मु0अ0सं0 198/2022 धारा 411 भादवि थाना मोठ जनपद झांसी
4. मु0अ0सं0 166/2026 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना एट जनपद जालौन
5. मु0अ0सं0 82/2022 धारा 379/411 भादवि थाना आटा जनपद जालौन
6. मु0अ0सं0 195/2022 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोठ जनपद झांसी
7. मु0अ0सं0 93/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना टहरौली जनपद झांसी

8. मु0अ0सं0 67/2026 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना कोटरा जनपद जालौन
9. मु0अ0सं0 33/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना आटा जनपद जालौन
10. मु0अ0सं0 156/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना आटा जनपद जालौन
11. मु0अ0सं0 12/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना कोटरा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. लूटे गये 13,200/- रुपये नगद
2. घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल पल्सर
3. 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर

पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष एट श्री शिवशंकर सिंह मय पुलिस टीम